गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2019

04 जून, 2019

लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	लिस्टिंग विभाग, बीएसई लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई- 400001

विषय : <u>निदेशन में परिवर्तन: अंशकालिक निदेशक (सरकार द्वारा नामित) की नियुक्ति एवं समाप्ति</u>

सूचित किया जाता है कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पत्र सं.सी-31033/1/2016-सीए/एफटीएस: 42979 दिनांक 27.05.2019 के द्वारा श्रीमती इंद्राणी कौशल, अंशकालिक निदेशक (सरकार द्वारा नामित निदेशक) (डीआईएन 02091078) के स्थान पर श्री आशुतोष जिंदल, संयुक्त सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार को कंपनी के अंशकालिक निदेशक (सरकार द्वारा नामित निदेशक डीआईएन 05286122) के रूप में नियुक्त किया है।

श्री आशुतोष जिंदल से संबंधित सूचना इस प्रकार है:

1. <u>संक्षिप्त प्रोफाइल</u>

श्री आशुतोष जिंदल ने संयुक्त सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। श्री जिंदल मणिपुर-त्रिपुरा कैडर (1995) के आईएएस अधिकारी हैं। श्री जिंदल ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में बीई तथा अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर किया है।

उनके 2 दशक से अधिक के कार्यकाल में उन्होंने त्रिपुरा राज्य में जिला और राज्य स्तर पर विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

एमओपीएंडएनजी से जुड़ने से पहले वे त्रिपुरा राज्य के शहरी विकास और पर्यटन विभाग में वित्त सचिव के पद पर कार्यरत थे। वह ब्रसेल्स (बेल्जियम) में यूरोपीय संघ (ईयू) के लिए भारतीय मिशन में परामर्शदाता के रूप में कार्यरत थे।

वर्तमान में, वह इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में दिनांक 12.02.2016 से, त्रिपुरा पॉवर जनरेशन लिमिटेड में दिनांक 28.01.2015 से और त्रिपुरा पर्यटन विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड में दिनांक 01.09.2019 सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

उन्होंने सरकारी निदेशक के रूप में ओएनजीसी विदेश लिमिटेड में दिनांक 03.08.2015 से 07.01.2016 तक और गेल (इंडिया) लिमिटेड में दिनांक 24.02.2015 से 23.12.2016 तक अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। वे त्रिपुरा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन में भी निदेशक के रूप में दिनांक 26.07.2014 से 04.04.2015 तक कार्यरत रहे।

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

2. <u>निदेशकों के मध्य संबंधों का प्रकटीकरण</u>

श्री आशुतोष जिंदल का कंपनी के अन्य निदेशक(कों) के साथ कोई संबंध नहीं है।

3. इसके अतिरिक्त दिनांक 14.06.2018 के सेबी के अनुदेशों के संबंध में पुष्टि की जाती है कि आशुतोष जिंदल सेबी के किसी भी आदेश या किसी अन्य प्राधिकरण के आधार पर निदेशक का पद संभालने से प्रतिबंधित नहीं हैं।

यह सेबी (लिस्टिंग बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के अनुपालन में है।

यह आपके सूचनार्थ एवं रिकार्ड हेतु है।

धन्यवाद,

भवदीय,

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
   मुम्बई-400051

   ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

2. लंदन स्टॉक एक्सचेंज
   रेगुलेटरी न्यूज सर्विस डिपार्टमेंट (आरएनएस)
   10, पेटरनोस्टर स्क्वेयर
   लंदन EC4M 7LS

   एवीएस न.- 959069